मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-169
30/03/2021

मुख्यमंत्री ने पलासी थाने के कबैया गांव में 6 बच्चों की जलकर मौत हो जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया, दुर्घटना में मृत बच्चों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

- **दुर्घटना में मृत बच्चों के परिजनों को अविलंब 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश**

पटना, 30 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अररिया के पलासी थाना क्षेत्र के कबैया गांव में भूसा घर में आग लगने से 6 बच्चों की झुलसकर मौत हो जाने पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और दुर्घटना में मृत बच्चों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ।

मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में मृत बच्चों के परिजनों को अविलंब 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृत बच्चों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******